(SHRI SUKH RAM): (a) This may result in generation of Collect Call traffic from India to U.S.A.

(b) As far as Indian consumers are concerned it will have no effect.

जामा मस्जिद में पी०सी०ओ० बूथ

2655. **श्री अनन्तराम जायसवाल:**
श्री दिग्विजय सिंह:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जामा मस्जिद में कितने पी०सी०ओ० बूथ लगाए गये हैं और ये कब लगाए गये थे,

(ख) पी०सी०ओ० बूथ लगाए जाने की तारीख से 30 जून, 1994 तक बिल की राशि कितनी है और क्या बकाया बिल की कुल राशि का भुगतान कर दिया गया है, और

(ग) यदि हां, तो कितना और किस अवधि तक के बिल का भुगतान किया गया है और यदि नहीं, तो सरकार बकाया बिलों की पूरी राशि की वसूली हेतु क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) से (ग) अपेक्षित सूचना अनुबंध में दी गई है। [**देखिए** परिशिष्ट 171, अनुपत्र संख्या 46]

Complaints Against MTNL

2656. PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) the number of complaints received by Mahanagar Telephone Nigam Limited, New Delhi, about the telephones going down, in-correct telephone bills, misbehaviour of the MTNL staff, delay in the attending of complaints etc. in each of the last 12 months;

(b) the details thereof and the action taken thereon;

(c) the number of complaints out of (a) above still pending action;

(d) the reasons for the delay;

(e) whether the telephone services have deteriorated after the setting up of the MTNL in Delhi and other parts of the country; and

(f) if so, the meaningful steps taken to give a quick and satisfactory service to the subscribers?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) to (f) The information is being collected and will be placed on the Table of the House.

हरियाणा में हिसार और बबैन टेलीफोन एक्सचेंज

2657. **श्री रामजीलाल:** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि हरियाणा के कुछ शहरों में टेलीफोन एक्सचेंजों में अचानक खराबी आ जाती है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं, विशेष रूप से हिसार और बबैन टेलीफोन एक्सचेंजों के बारे में;

(ग) सरकार ने इस व्यवस्था को ठीक बनाए रखने हेतु कुल कितने कर्मचारी और अधिकारी रखे हुए हैं; व्यवस्था में खराबी आने की स्थिति में क्या उसके लिए जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध तुरंत कड़ी कार्यवाही की जाती है;

(घ) यदि हां, तो चालू वर्ष के दौरान हुई ऐसी घटनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार हिसार शहर में स्थित टेलीफोन एक्सचेंज को इलैक्ट्रानिक एक्सचेंज में परिवर्तित करने का विचार रखती है; और

(च) यदि हां, तो राज्य में मौजूदा सभी टेलीफोन एक्सचेंजों को इलेक्ट्रानिक एक्सचेंजों में कब तक बदल दिये जाने की संभावना है और ये टेलीफोन एक्सचेंज, विशेषरूप से हिसार में, कब से चालू हो जाएंगे?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) हरियाणा दूरसंचार सर्किल में ऐसी कोई घटना नहीं घटी है।

(ख) उपर्युक्त भाग (क) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

(ग) हरियाणा की दूरसंचार प्रणाली के अनुरक्षण के लिए कुल 3832 अधिकारी और कर्मचारी कार्यरत् हैं। जब कभी शिकायतें प्राप्त होती हैं उनके निवारण के लिए तत्काल कार्रवाई की जाती है। यदि किसी कर्मचारी की